बिहार विधान परिषद — कार्य सूची

संख्या-5 190वां सत्र

शुक्रवार, दिनांक 30 नवम्बर, 2018

11.00 बजे पूर्वाह्न

प्रश्नोत्तर

1. अल्पसूचित प्रश्न
2. तारांकित प्रश्न

औपचारिक कार्य

3. सचिव, विधेयक संबंधी संदेश, यदि कोई हो, पढेंगे।
4. सचिव, विधान सभा से स्वीकृत विधेयक, यदि कोई हो, मेज पर रखेंगे।
5. श्री केदार नाथ पाण्डेय, अध्यक्ष, निवेदन समिति, निवेदन समिति का 100वां प्रतिवेदन की एक प्रति सदन की मेज पर रखेंगे ।

परिनियत कार्य

6. प्रभारी मंत्री, वित्तीय वर्ष 2018-19 के बजट प्राक्कलन के संदर्भ में **द्वितीय तिमाही में प्राप्ति एवं व्यय का रूझान** पुस्तिका की एक प्रति सदन की मेज पर रखेंगे।
7. प्रभारी मंत्री, भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक से प्राप्त बिहार सरकार का 31 मार्च, 2017 को समाप्त हुए वर्ष 2016-17 का प्रतिवेदन **"सामान्य, सामाजिक एवं आर्थिक प्रक्षेत्र"** की एक प्रति सदन की मेज पर रखेंगे।

ध्यानाकर्षण

8. डा० संजीव कुमार सिंह, बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम में संशोधन करने के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट करेंगे।

9. प्रो० नवल किशोर यादव, पटना स्थित सिन्हा लाईब्रेरी की दयनीय स्थिति के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट करेंगे।

10. सर्वश्री प्रो० संजय कुमार सिंह, डा० संजीव कुमार सिंह, केदार नाथ पाण्डेय, संजीव श्याम सिंह, राज्य के अनुदानित शैक्षणिक संस्थानों को घाटानुदान की व्यवस्था लागू करने के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट करेंगे।

11. श्री गुलाम रसूल, बिहार गैर सरकारी प्रारंभिक विद्यालय (नियंत्रण एवं ग्रहण) अधिनियम 1976 की धारा-3 (4) के अन्तर्गत शर्त्तों को पूरा करने वाले विद्यालयों का वेतन भुगतान करने के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट करेंगे।

12. श्री सच्चिदानन्द राय, लोक महाविद्यालय, हाफिजपुर, सारण को अनुदान की राशि उपलब्ध कराने के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट करेंगे।

13. श्री सुनील कुमार सिंह, आर० लाल महाविद्यालय, अलीनगर, नालन्दा की तदर्थ समिति को रद्द कर विश्वविद्यालय प्रतिनिधि की नियुक्ति करने के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट करेंगे।

14. श्रीमती रीना देवी उर्फ रीना यादव, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन में व्याप्त अनियमितता के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट करेंगी।

15. श्री दिलीप कुमार चौधरी, कामेश्वर सिंह संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा द्वारा संबद्धता प्राप्त डिग्री महाविद्यालयों में कार्यरत 67 शिक्षकों के अनुदान एवं अंगीभूत महाविद्यालयों में कार्यरत 39 शिक्षकों के वेतनादि का भुगतान करने के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट करेंगे।

16. श्री वीरेन्द्र नारायण यादव, राज्य में कॉलेजों की संख्या बल बढ़ाने हेतु स्थायी संबद्धता प्राप्त वित्त रहित कॉलेजों का अधिग्रहण करने के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट करेंगे।

17. श्री सी० पी० सिन्हा, राज्य में तालिमी मरकज़ योजना के अधीन चयनित मुस्लिम सामान्य जाति के अभ्यर्थियों को हटाये जाने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट करेंगे।

18. श्री राजेश कुमार उर्फ बब्लू गुप्ता एवं श्री खालिद अनवर, महात्मा गाँधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय, पूर्वी चम्पारण के लिये अधिगृहित 17 कट्ठा जमीन का मुआवजा राशि का फर्जी भुगतान किये जाने के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट करेंगे।

19. श्री दिनेश प्रसाद सिंह, मुजफ्फरपुर जिला में वित्तीय बर्ष 2015-16 की मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना की प्रत्यर्पित राशि जिला पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर को पुन: आवंटित करने के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट करेंगे।

20. डा० रणवीर नन्दन, बेगूसराय जिला के तेघड़ा प्रखण्ड अन्तर्गत आधारपुर त्रिमुहानी से कसहा बरियाही होते हुए चकिया रेलवे लाईन तक तटबन्ध की चौड़ाई बढ़ाते हुए सड़क निर्माण के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट करेंगे।

वित्तीय कार्य

वित्तीय वर्ष 2018-19 की द्वितीय अनुपूरक व्यय-विवरणी पर सामान्य वाद-विवाद

21. वित्तीय वर्ष 2018-19 की द्वितीय अनुपूरक व्यय-विवरणी पर सामान्य वाद-विवाद तथा सरकार का उत्तर।

वित्तीय विधेयक

बिहार विनियोग (संख्या-4) विधेयक, 2018

22. श्री सुशील कुमार मोदी, माननीय उप मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि सभा द्वारा यथापारित बिहार विनियोग (संख्या-4) विधेयक, 2018 पर विचार हो।
23. श्री सुशील कुमार मोदी, माननीय उप मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि सभा द्वारा यथापारित बिहार विनियोग (संख्या-4) विधेयक, 2018 पारित हो।
24. अन्य नितान्त आवश्यक कार्य, यदि कोई हो।

29.11.18

(सुनील कुमार पंवार)
सचिव
बिहार विधान परिषद्

ज्ञापांक-वि.प.वि.-73/2018 – 1774 (3) वि.प. दिनांक – 29.11.2018

प्रतिलिपि : बिहार विधान परिषद् के माननीय सदस्यगण/माननीय मुख्यमंत्री, बिहार/माननीय उप मुख्यमंत्री, बिहार/माननीय मंत्रीगण, बिहार/माननीय मुख्यमंत्री के आवास/मुख्यमंत्री सचिवालय (चार प्रतियों में)/महामहिम राज्यपाल के सचिव, बिहार/माननीय अध्यक्ष, बिहार विधान सभा के आवास एवं बिहार विधान सभा स्थित कार्यालय वेश्म / लोकायुक्त, बिहार / महाधिवक्ता, बिहार / बिहार सरकार के सभी विभाग तथा विभागाध्यक्ष / सभी राज्यों के विधान मंडलों के सचिव / लोकसभा तथा राज्यसभा सचिवालय, नई दिल्ली / पुस्तकालयाध्यक्ष, संसद भवन, नई दिल्ली/ बिहार विधान मंडल पुस्तकालय, पटना / निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, बिहार / अधिष्ठान निदेशक, आकाशवाणी, पटना/ समाचार संपादक, दूरदर्शन केन्द्र, पटना /सचिव, बिहार विधान सभा/ श्री सैयद सआदत नजीर, सहायक प्रोग्रामर, बिहार विधान परिषद्, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

29.11.18

(प्रभात कुमार श्रीवास्तव)
उप सचिव
बिहार विधान परिषद्